प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से ज्यादा कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा–युवा सामर्थ्य देश की बड़ी ताकत।
2. देशव्यापी रोजगार मेला पहल के तहत रांची में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में 187 नवनियुक्त युवाओं को दिये गये नियुक्ति पत्र।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम रांची में साउथ एशियन एथलेटिक्स चौंपियनशिप का करेंगे शुभारंभ, छह देशों के खिलाड़ी लेंगे भाग।
4. देवघर में हथियारों के साथ आधा दर्जन शातिर अपराधी गिरफ्तार, आठ लाख रुपये नगद समेत कई अन्य सामान बरामद।
5. छठ महापर्व को लेकर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए धनबाद रेल मंडल की व्यापक तैयारी, 30 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का किया जा रहा परिचालन।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला देश के युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने यह बात नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोज़गार मेले में एक वीडियो संदेश में कही। इस अवसर पर रोज़गार मेला पहल के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हज़ार से ज़्यादा नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। श्री मोदी ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही पिछले कुछ समय में 11 लाख से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। श्री मोदी ने युवा सामर्थ्य को देश की बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि देश में विकसित भारत योजना की भी शुरुआत की गयी है जिसका उद्देश्य साढ़े तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है।

****

देशव्यापी रोजगार मेला पहल के तहत रांची में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डोरंडा स्थित जैप–1 के शौर्य सभागार में आयोजित रोजगार मेले में बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी सोच से देश के होनहार युवा रोजगार से लगातार जुड़ रहे हैं।

****

रांची में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद नवनियुक्त कर्मियों में खासा उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि नौकरी के जरिये उन्हें भी राष्ट्र सेवा का मौका मिला है।

****

साउथ एशियन एथलेटिक्स चौंपियनशिप आज से रांची में शुरु हो रही है। शाम छह बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका शुभारंभ करेंगे। इस चौंपियनशिप में भारत, श्रीलंका, नेपाल, बंग्लादेश, भूटान और मालदीव के 206 एथलीट हिस्सा लेंगे। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 37 स्पर्द्धाओं में कुल एक सौ ग्यारह पदक दांव पर होंगे।

****

देवघर पुलिस ने मधुपुर थाना क्षेत्र के मिसरना गांव में बीते सप्ताह हुए डकैतीकांड में छः अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं इन अपराधियों के पास से एक चारपहिया वाहन, दो पिस्टल और लगभग आठ लाख रुपये नकद बरामद किये गये हैं। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले मिसरना गांव निवासी सीताराम मंडल के घर पर 8 से 10 की संख्या में डकैतों ने धावा बोलकर काफी मात्रा में जेवरात लूट कर फरार हो गए थे।

****

पलामू के हुसैनाबाद के एक निजी हॉस्पिटल में ऑपरेशन के क्रम में एक महिला का आंत काट दिया गया। जब उसकी स्थिति गंभीर हो गई तो उसे इलाज के लिए रांची के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहां कई दिनों तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने आज सुबह जपला– छतरपुर मार्ग को जाम कर दिया है।

****

राज्य सरकार ने 22 जिलों के आंदोलनकारियों के लिए 6 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि आवंटित की है। यह आवंटन वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए किया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। संबंधित जिले के डीसी ही इस राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी होंगे। राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जाएगी।

****

छठ महापर्व को लेकर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए धनबाद रेल मंडल की ओर से व्यापक तैयारी की गयी है। ट्रेनों की संख्या बढ़ाए जाने के साथ प्लेटफार्म पर भी सुविधाएं और सुरक्षा बढ़ाई गई हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी ना झेलनी पड़े। धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बताया कि 30 जोड़ी से अधिक अतिरिक्त ट्रेनें छठ के अवसर पर धनबाद से होकर चलाई जा रही हैं।

****

छठ पर्व से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से छठ पूजा से जुड़े गीत साझा करने का आग्रह किया है। जिन्हें वे अगले कुछ दिनों में साझा करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा है कि छठी मैया के गीत इस पावन अवसर की भव्यता और दिव्यता को बढ़ाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार सहित देश भर के श्रद्धालु इस पर्व की तैयारियों में पूरी श्रद्धा के साथ जुट गए हैं।

****

सरायकेला खरसावां जिले में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

****

घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग शून्य दशमलव दो प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 157 अंक गिरकर 84 हजार 399 पर, जबकि निफ्टी 45 अंक गिरकर 25 हजार 847 पर आ गया

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 16 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 65 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से मौसम में परिवर्तन के संकेत हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब का क्षेत्र बनने के कारण कल से 29 अक्तूबर तक राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर–पश्चिम इलाके में कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना है।

****